**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 3531**
**दिनांक 17 दिसम्बर, 2024/ 26 अग्रहायण,1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**केंद्रीय सशस्त्र बल**

**†3531. श्रीमती माला राय:**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) वर्तमान में पश्चिम बंगाल में विभिन्न केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपी) में कुल कितने कार्मिक तैनात हैं;**
**(ख) पश्चिम बंगाल में निर्वाचित प्रतिनिधियों सहित राजनीतिक व्यक्तियों की सुरक्षा के रुप में कितने सशस्त्र पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं; और**
**(ग) इन तैनातियों की लागत का किस शीर्ष के अंतर्गत भुगतान किया जाता है?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) से (ग): भारत के संविधान के तहत् "पुलिस" और "लोक व्यवस्था" राज्य के विषय हैं। कानून और व्यवस्था बनाए रखने और राज्य के अधिकार क्षेत्र में किसी व्यक्ति को सुरक्षा प्रदान करने की जिम्मेदारी मुख्य रुप से राज्य सरकार की होती है। हालाँकि, केन्द्र सरकार समय-समय पर राज्य सरकार के अनुरोध पर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) तैनात करती है। तैनात सीएपीएफ कर्मियों की संख्या और उस पर होने वाला खर्च समय-समय पर बदलता रहता है।

******